INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

(अपठित काव्यांश, संज्ञा,विशेषण) Class: VI

i) निम्नलिखित कविता को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर सही( ) का निशान लगाइए : –

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती ,

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती |

नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है ,

चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है ,

मन का विश्वास रगों में साहस भरता है ,

चढ़ कर गिरना, गिर कर चढ़ना न अखरता है ,

आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती ,

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती |

१. कोशिश करने वालों की क्या नहीं होती ?

क) हार ख) मार ग) जार घ) बहार

२. किससे डरकर नौका पार नहीं होती ?

क) बहारों ख) शहरों ग) लहरों घ) नहरों

३. नन्ही चींटी क्या लेकर चलती है ?

क) गाना ख) दाना ग) खाना घ) माना

४. मन का विश्वास ---------- में साहस भरता है |

क) घर में ख) स्कूल में ग) बाहर में घ) रगों में

५. आखिर उसकी ---------- बेकार नहीं होती |

क) मेहनत ख) खाना ग) सोना घ) रोना

ii) सही शब्द चुनकर उचित खाने मे लिखिए –

क) किताब ख) ईमानदार ग) ताजमहल घ) लाल किला

ड.) मोटा च) दो छ) गोरा ज) अच्छा झ) स्कूल ञ) सुंदर

संज्ञा	विशेषण

(आपका दिवस मंगलमय हो)